## महत्वपूर्ण एवं खास

### गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के लिए निगम अधिकारियों को व्यवस्था संबंधी निर्देश

रायपुर, (आरएनएस)। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त रजत बंसल ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व के पावन अवसर पर राजधानी षहर रायपुर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी राजभवन एवं पुलिस परेड ग्राउंड में होने वाले गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के आवश्यक व्यवस्था के संबंध में एक आदेश प्रसारित कर निम्नांकित कर्मचारियों की सेवाएं लगायी है। आयुक्त बंसल ने पुलिस परेड ग्राउंड मुख्य कार्यक्रम में मंच पंडाल, रंगाई-पोताई, मैदान का समतलीकरण करवाना व्हीव्हीआईपी का पंडाल साइज बढ़ाकर लगाना, पंडाल में सोफा, कुर्सियां एवं अच्छी क्वालिटी के साफ सुथरे कव्हर लगवाना, व्हीआईपी के साथ कार्यक्रम में आये उनके परिवार जनों हेतु कुर्सियों की बैठक व्यवस्था अच्छी तरह सुनिश्चित करने अच्छे स्वागत द्वार आदि व्यवस्था कलेक्टर रायपुर तथा लोकनिर्माण विभाग रायपुर से समन्वय स्थापित कर कार्य कराये जाने हेतु जोन 4 कमिश्नर आरके डोंगरे एवं जोन 4 कार्यपालन अभियंता सुभाष चंद्राकर को आदेशित किया है। इसी प्रकार पुलिस परेड ग्राउंड एवं उसके आस-पास आमजनों की सुविधा हेतु साफ-सफाई करवाकर चूने की लाईन की मार्किंग, अस्थायी शौचालयों एवं अस्थायी मूत्रालयों की व्यवस्था तत्काल करवाकर मच्छर मार दवाईयों का छिड़काव करवाना एवं राजभवन के भीतर- बाहर आस पास के स्थलों की साफ सफाई,मच्छर से बचाव हेतु दवा का छिड़काव एवं फॉगिंग कार्य की व्यवस्था हेतु स्वास्थ्य अधिकारी विजय पांडे, जोन 4 स्वास्थ्य अधिकारी उमेष नामदेव, पुलिस परेड ग्राउंड एवं राजभवन में पानी की आवश्यकता एवं आवश्यकतानुसार मैदान में पानी का छिड़काव कार्यपालन अभियंता जल एके माल्वे को जिम्मेदारी सौंपी है। पुलिस परेड ग्राउंड एवं राजभवन के भीतर-बाहर आस पास में अग्निषमन की व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रभारी अग्निषमन अधिकारी बद्री चंद्राकर को कमांडेंड होम गार्ड से समन्वय कर करने हेतु सौंपी है। आयुक्त बंसल ने परेड ग्राउंड एवं राजभवन के आस-पास व्हीआईपी रूट में आवास मवेषियों की धरपकड़ करके उन्हें तत्काल कांजीहाउस में बंद करवाना सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी उपायुक्त राजस्व , बाजार आरके डोंगरे एवं सहायक राजस्व अधिकारी बाजार प्रमोद जाधव को सौंपी है। राजभवन परिसर में व राजभवन चौराहे से पुलिस हेडक्वार्टर तिराहा तक रंगीन झंडो से सजावट तथा राजभवन सड़क पर रोड मार्किंग कराये जाने का जिम्मा जोन 3 कमिश्नर अरूण कुमार साहू, जोन 3 कार्यपालन अभियंता षिबू पटेल को सौंपी है। सम्पूर्ण नगर में एवं राजभवन के आस -पास स्ट्रीट लाईट एवं प्रकाष की समुचित व्यवस्था का जिम्मा कार्यपालन अभियंता विद्युत लोकेष चंद्रवंषी को सौंपी है। इसी प्रकार राजभवन के भीतर उसके आसपास के पौधो में वृक्षो की पानी एवं सफाई की व्यवस्था उद्यानिक बीपीके राही को सौंपी है। पुलिस परेड ग्राउंड एवं राजभवन के आस-पास के क्षेत्रों एवं व्हीआईपी रूट पर स्थित बिजली के खंभो पर लगे सभी अवैध पोस्टरों को हटाने का जिम्मा नगर निवेष बीआर अग्रवाल को सौंपी है। इसके साथ ही जोन 3 कमिश्नर को आदेश में निर्देशित किया गया है कि राजभवन के नियंत्रक से संपर्क कर समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही करें। आयुक्त ने तत्काल कार्यवाही कर पालन प्रतिवेदन प्रतिदिन रखे जाने के आदेश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये है।

### ईओडब्ल्यू के छापे से मचा हड़कंप

बिलासपुर, (आरएनएस)। बहुचर्चित तुर्काडीह पुल घोटाले में एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने पीडब्ल्यूडी अस्टिेंट इंजीनियर आरके वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। वर्मा की गिरफ्तारी रामावैली स्थित घर से हुी है। चालान दर्ज होने के बाद आर.के. वर्मा लंबे समय से फरार थे। वर्मा के खिलाफ तुर्काडीह पुल घोटाले में 2016 में कोर्ट में चालान दाखिल किया गया था। चालान दाखिल होने से पहले ही आर.के.वर्मा कोर्ट और पुलिस से बचने लुका छिपी की खेल खेल रहे थे। लेकिन एसीबी और ईओडब्लू टीम की नजर एक एक पल पर थी। मुखिबर की सूचना पर आज वर्मा को रामवैली स्थित आवास से पकड़ा गया।मालूम हो कि न्यायालय ने तुर्काडीह पुल निर्माण में घोटाले पर पीडब्लूडी अधिकारी और ठेका कंपनी संचालकों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। साल 2016 में ही एसीबी और ईओडब्लू की टीम ने न्यायालय में चालान पेश कर दिया था। इसके बाद सभी आरोपी फरार थे। रायपुर से अम्बिकापुर बायसपास जाने के लिए बिलासपुर के अरपा नदी पर तुर्काडीह गांव में पुल निर्माण किया गया। पुल निर्माण को करीब 3 से 4 करोड़ रूपए में बनाया गया। पुल निर्माण का मुख्य उद्देश्य भारी वाहनों को शहर में प्रवेश होने से रोकना था। साल 2007 में निर्माण के बाद तुर्काडीह पुल को यातायात के लिए बहाल किया गया।लेकिन पुलि निर्माण होने के महज पांच साल बाद दरार आ गयी। काफी मरम्मत के बाद पुल आवागमन के लिए एक बार फिर खोला गया। लेकिन दरार फिर भी आ गयी। इसके बाद करीब ढाई साल के लिए पुल को आवागमन के लिए बंद कर दिया गया। करीब साढ़े 3 करोड़ की लागत से बने इस पुल को दोबारा तैयार करने में शासन ने 3 करोड़ अतिरिक्त राशि खर्च किया। पुल जर्जर होने के बाद हाईकोर्ट ने मामले में संज्ञान लेते हुए जांच का आदेश दिया। एसीबी ने जांच कर तत्कालीन ईई एससी खंडेलवाल, लोक निर्माण विभाग प्रभारी अधीक्षण यंत्री, सब इंजीनियर आरके वर्मा और सुदरानी कंस्ट्रक्शन के डायरेक्टरों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया। आरोपी अदालत में उपस्थित नहीं हुए। न्यायालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। ईओडब्ल्यू ने वर्मा को कोर्ट में पेश कर दिया है। अगली सुनवाई में आरोपियों को पेश करने का आदेश दिया गया है।

## किसान मोर्चा बनाएगी 2018 में भाजपा की सरकार

रायपुर, (आरएनएस)। भाजपा किसान मोर्चा की कृषि प्रषिक्षण कार्यशाला एवं प्रदेश कार्यसमिति बैठक समेती भवन जोरा में कि गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीराम साहू ने किया साथ में पूनम चन्द्राकर प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा विशाल चन्द्राकर उपाध्यक्ष कृषक कल्याण परिषद् जागेश्वर साहू राष्ट्रिय कार्यसमिति सदस्य द्वारिकेश पाण्डेय, भारत शिसोदिया महामंत्री युधिष्ठिर चन्द्राकर, अनिल पाण्डेय, गौरीषंकर वास, दीपक पाण्डेय, आलोक वर्मा, अजय साहू उपस्थित रहे। पूनम चन्द्राकर ने अध्यक्षिय सम्बोधन में कहा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की यह पांचवीं बैठक है। इसका उद्देष्य भाजपा की सरकार 2018 में किसान मोर्चा की सहयोग से बनेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य 2022 तक किसानों की आय दुगुनी करने का, जिसके लिए किसानों को कृषि में विविधता लाकर उन्नत कृषि नवीनतम तकनीक अपनाना होगा। डा. रमन की सरकार छ.ग. में 2100 करोड़ बोनस किसानो को देकर दिवाली में उनके घर में खुशहाली लाई। उन्होंने कहा कृषि मंत्री बृजमोहन कि सहयोग से राष्ट्रिय कृषि समृध्दि मेला का पांच दिवसीय आयोजन रायपुर में कराया जा रहा है। न्यूनतम जल अधिकतम फसल के महत्व को किसान पाठषाला लगाकर किसानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें किसान मोर्चा कि कार्यकर्ता किसानों को अधिक से अधिक संख्या में लाकर उन्हें लाभ पहुंचाना। समस्त मोर्चा प्रकोष्ट के अध्यक्ष रामप्रताप जी ने कहा आज कि बैठक बहुउपयोगी एवं बहुआयामी कृषि विस्तार कि बात और जहां कृषकों का चिन्तन होता है, वहीं भाजपा किसान मोर्चा उपस्थित हो जाती है। किसान मितान बनाकर बुथ मजबूत करें, और 65 विधायक भाजपा के जिताकर विपक्ष के सत्ता बचैनी को दूर करें। संगठन के लिए हर समय किमती होता है। चुनाव अभियान की शुरूआत नई उर्जा नई उत्साह भरकर भाजपा के पक्ष में महौल तैयार करें। विपक्ष जनता को छोटे-छोटे मुद्दे पर भ्रमित करती है। कृषक कल्याण परिषद् के उपाध्यक्ष विषाल चन्द्राकर ने कहा व्यक्ति से ज्यादा संगठन महान होता है। भाजपा संगठन को लेकर चलने वाली पार्टी है। 18 वर्ष पहले जैविक कृषि के बारे में सुना करता था। आज जैविक कृषि का जमाना आ गया है। किसान मोर्चा का काम किसानों को लाभ दिलाना। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीराम साहू ने कहा आज देष में 19 राज्यों में भाजपा कि सरकार है। कांग्रेस छ.ग. में भाजपा के खिलाफदुष्प्रचार मचा रखी है, जिसका मुंहतोड़ जवाब किसान मोर्चा को देना होगा। जब प्रदेष का किसान कृषि लागत को कम करके आत्मनिर्भर बनेगा, तो प्रदेश में चारों ओर खुशहाली आ जायेगी। बैठक के समापन में राष्ट्रिय कार्यसमिति सदस्य जागेश्वर साहू ने कहा अब सामने चुनाव है, तो विपक्ष का काम अर्नगल प्रलाप करना हो गया है। अन्य राज्यों कि तुलना में छ.ग. की भाजपा सरकार पूरा फायदा पहुंचा रही है। केन्द्र और छ.ग. सरकार पूरी तरीके से किसानों के साथ है। बैठक में राजनैतिक प्रस्ताव महामंत्री द्वारिकेष पाण्डेय द्वारा लाया गया जिसका समर्थन अनिल पाण्डेय उपाध्यक्ष और गौरीशंकर वास प्रदेशमंत्री ने किया।

### पेट्रोल पंप देने के नाम पर की थी ठगी

जगदलपुर, (आरएनएस)। जगदलपुर के राउत पारा के एक व्यक्ति को जगदलपुर के मेन रोड निवासी बेटी को जगदलपुर के मेन रोड निवासी एक व्यक्ति ने पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर 2 वर्ष पूर्व ठगी की गई थी इस मामले में कोतवाली पुलिस ने नागपुर से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । जगदलपुर के दो आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं जो कि दोनों पिता.पुत्र बताए जा रहे हैं। कोतवाली थाने में इस मामले को लेकर दो अलग.अलग प्रकरण दर्ज है। कोतवाली थाने के उप निरीक्षक सतीश यदु राज के अनुसार वर्ष 2016 में नगर के राउत पारा निवासी पवार को पेट्रोल पंप आवंटित कराने के नाम पर नगर के ही राजीव बाजपेयी उनके पिता ने ठगी की थी । इस मामले में सर्वप्रथम 125 ध16 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था और पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ कर जेल भेज दिया । इस प्रकरण में कथित तौर पर शामिल आरोपी राजीव बाजपेयी ने एक प्रकरण और दर्ज कराया है जिसके तहत कोतवाली थाने में प्रकरण क्रमांक 402ध16 के तहत अपराध दर्ज कराया है । बस्तर पुलिस अधीक्षक श्रवण और कोतवाली थाना प्रभारी अब्दुल कादिर खान के निर्देश पर नागपुर जाकर अभय और युवराज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बस्तर के दो व्यापारियों को पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर ठगी करने के आरोप में दो नटवरलाल को नागपुर से गिरफ्तार किया गया है इस मामले में दो प्रकरण 2 वर्षो से दर्ज है । कोतवाली पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार हिंदुस्तान पेट्रोलियम पंप की कंपनी का नाम लेकर जगदलपूर के मेन रोड निवासी राजीव बाजपेयी के मार्फत नगर के दीनदयाल उपाध्याय वार्ड राउत पारा निवासी शरद पवार को एक पेट्रोल पंप आवंटित कराने के नाम पर लाखों रुपए की राशि ले ली गई थी और इस मामले में 5 आरोपियों के खिलाफ पवार ने 2016 में प्रकरण क्रमांक 125 ध् 16 के तहत प्रकरण दर्ज कराया था जिसमें अभय एवम युवराज सहित पांच आरोपी थे तथा प्रकरण दर्ज होने के बाद से चार आरोपी अभी भी फरार है ।पुलिस ने नागपुर से दो आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार किया गया है तो दूसरी ओर एक आरोपी केंद्रीय जेल जगदलपुर में बंद है। इन आरोपियों के खिलाफ 420 ए467 ए468 471 भारतीय दंड संहिता की धारा के तहत अपराध दर्ज है। नगर के आरोपियों को नहीं पकड़ रही पुलिस प्रार्थी झुन्नू पवार के अनुसार इस मामले में नगर के दो आरोपी पिता पुत्र को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है उसको लेकर तरह.तरह की बातें भी सामने आ रही है। दर्जनों शिकायत के बाद कार्रवाई प्रार्थी पवार के अनुसार तत्कालीन पुलिस अधीक्षक राजेंद्र नारायण दास आरिफ शेख नगर पुलिस अधीक्षक दीपमाला कश्यप सहित अन्य को इस मामले की शिकायत की गई थी जिसके आधार पर यह जांच लंबे अरसे के बाद प्रारंभ हुई और उसी का ही नतीजा है कि नागपुर के दो आरोपी पकड़े गये

### गणतंत्र दिवस पर इस बार शहर के मुख्य मार्ग से भी गुजरेंगी झांकियां

रायपुर,(आरएनएस)। आगामी 26 जनवरी को राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउण्ड में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह आयोजित होगा। यहां 15 विभागों द्वारा केन्द्र और छत्तीसगढ़ सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को रेखांकित करती झांकियों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। पुलिस परेड ग्राउण्ड के धमतरी गेट से निकलकर, कालीबाड़ी चौक, महिला थाना, मोतीबाग, शास्त्रीचौक, तथा गौरवपथ होते हुए निकलेंगी। गणतंत्र दिवस पर कृषि, जलसंसाधन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, समाज कल्याण, नगरीय प्रशासन एवं विकास, ऊर्जा, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक निर्माण विभाग, वन, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी, ग्रामोद्योग, संस्कृति एवं पर्यटन तथा कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

### सूखा राहत की राशि समय पर नहीं भेजी तो तहसीलदारों पर होगी कार्रवाई

राजनांदगांव,(आरएनएस) । आज राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर भीम सिंह ने विभिन्न विषयों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सूखा राहत की राशि हितग्राही किसानों तक शीघ्रताशीघ्र पहुंचाना राजस्व अधिकारियों का प्राथमिक दायित्व है। इस संबंध में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि तहसीलदार नियत समय पर यह कार्य नहीं कर पाए तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि तहसीलदारों की इस संबंध में जनपद सीईओ पूरी तरह मदद करें। इस कार्य के लिए पटवारियों का सहयोग पंचायत सचिव करें। उन्होंने लीड बैंक अफसर को इस संबंध में बैंकिंग अमले को मिशन मोड में काम करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिन किसानों के खाते अब तक नहीं खुल पाए हैं, उनके खाते तुरंत खुलवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि सूखा राहत की राशि मिलने के बाद किसानों को फसल बीमा की राशि भी मिलेगी, इससे सूखे की वजह से आई आर्थिक दिक्कतों में कमी आएगी। कलेक्टर ने लंबित आवेदनों की समीक्षा की, उन्होंने कहा कि किसी भी तहसील में मैनुअली आवेदन नहीं लिए जाएं, सारे आवेदन लोक सेवा केंद्र के माध्यम से ही स्वीकार किये जायें। उन्होंने कहा कि तहसील आफिस में कार्यरत कर्मचारियों के कार्यों की भी समीक्षा की जा रही है। किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लोक सुराज अभियान में आये आवेदनों की समीक्षा भी उन्होंने की, जिन क्षेत्रों से राजस्व संबंधी आवेदन अधिक आये हैं। वहां कैम्प लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों में मौके पर ही ऋण पुस्तिका जारी करने की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि इस बार लोक सुराज में आवेदनों के निराकरण के लिए पर्याप्त समय दिया गया है अतएव प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्वक निराकरण करें। तहसील कार्यालयों में निपटाए जा रहे कार्यों की समीक्षा भी उन्होंने की। राजनांदगांव रीडर का कार्य असंतोष जनक पाए जाने पर इनके विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश कलेक्टर ने दिए। बैठक में अपर कलेक्टर जेके ध्रुव, ओंकार यदु एवं सभी एसडीएम उपस्थित थे।

### प्रदेश की भाजपा सरकार नित नई ऊँचाईयों को छू रही है

नगरी , (आरएनएस)। सिहावा विधानसभा क्षेत्र के विकासखण्ड मगरलोड अंतर्गत ग्राम पंचायत झाझरकेरा आश्रित ग्राम भालुचुआ एवं ग्राम केकराखोली में सी सी रोड निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में श्रवण मरकाम विधायक सिहावा मुख्य रूप से उपस्थित हुए । अध्यक्षता वीरेन्द्र साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, विशिष्ट अतिथि के रूप में फत्तेलाल ध्रुव जिला पंचायत सदस्य धमतरी, श्रीमति पूजा आशीष चंद्राकर जनपद सदस्य मगरलोड, भीखम सेन उपाध्यक्ष जिला भाजपा धमतरी, विजय यदु उपाध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा, डामेश्वर सिन्हा उपाध्यक्ष भाजपा मंडल मगरलोड, रामायण सिन्हा युवा मोर्चा ब्लॉक मगरलोड,नरेश सिन्हा भाजपा मंत्री , भवानी यादव महामंत्री भाजपा मंडल मगरलोड, नेहरू निषाद, हेमप्रकाश, महेश सिन्हा सरपंच ग्राम पंचायत झाझरकेरा,समस्त पंच गण एवं सहित ग्रामवासियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक मरकाम ने कहा की प्रदेश की भाजपा सरकार नित नई ऊँचाईयों को छू रही है ।आज प्रदेश के गांवों में सी .सी. रोड का निर्माण जनहित को ध्यान में रख कर कर रही है । आज प्रदेश के कोने - कोने में विकास की गंगा बह रही है।गांव के अंतिम छोर के व्यक्ति तक विकास ही हमारी सरकार का लक्ष्य है।

### भाजपा पार्षदों व एल्डरमैनों ने विधायक वोरा पर लगाया श्रेय की राजनीति करने का आरोप

दुर्ग, (आरएनएस)। भाजपा पार्षदों व एल्डरमैनों ने शहर विधायक अरुण वोरा पर विकास कार्यों को लेकर श्रेय की राजनीति करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने आज नगर निगम कार्यालय के पास धरना देकर विधायक की कार्यशैली के खिलाफ जमकर आक्रोश जताया। यह धरना एल्डरमैन प्रतीक उमरे के नेतृत्व में दिया गया। धरना को झूठ का भंडाफोड़ का नाम दिया गया था। जिसमें भाजपा पार्षदों व एल्डरमैनों का कहना था कि केन्द्र व राज्य सरकार के अलावा नगर निगम शहर में लगातार विकास कार्यों को अंजाम दे रही है, लेकिन इन कार्यों का श्रेय लेकर विधायक अरुण वोरा जनता को गुमराह करने से बाज नहीं आ रहे है। उनका कहना था कि विधायक श्रेय की राजनीति करना बंद करें, क्योंकि जनता जानती है कि यह विकास कार्य कौन करवा रहा है और विकास कार्यों में कौन अड़ंगा डाल रहे है। उन्होने कहा कि सच को उजागर करने पर धरना आगामी दिनों में शहर के अलग-अलग प्रमुख चौक-चौराहे पर किया जाएगा। इस दौरान भाजपा पार्षदों व एल्डरमैनों द्वारा जनता को विधायक के खिलाफ लिखे गए पाम्पलेट व कैरीबैग बांटे गए। कैरी बैग में अबकी बार दुर्ग में कांग्रेस का अंतिम संस्कार जैसे नारे का उल्लेख किया गया था, वहीं धरना में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह व प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेश बघेल के मास्क पहने भाजपा कार्यकर्ता धरना में आकर्षण का केन्द्र बने रहे। जिससे धरना के माध्यम से भाजपा पार्षदों व एल्डरमैनों ने कांग्रेस व विधायक के खिलाफ जमकर माहौल बनाया। धरना में एमआईसी सदस्य दिनेश देवांगन, शिवेन्द्र सिंह परिहार, देवनारायण चंद्राकर, सोहन लाल जैन, एल्डरमैन संदीप लोहाड़िया, दीपक उमरे, सत्यम यादव व अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### चाकू से प्राणघातक हमला करने वाला अपचारी बालक गिरफ्तार

रायपुर, (आरएनएस)। मीरा नगर रेलवे पटरी के किनारे अपचारी बालक ने एक युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला कर चोट पहुंचाया। घटना के बाद आरोपी ने अपने आप को थाने में सरेण्डर कर दिया। सिविल लाईन थाना से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पी.सांई किरण राव पिता श्रीनिवास राव 32 वर्ष मौलीपारा तेलीबांधा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी बुधवार की सुबह करीब साढ़े 6 बजे मार्निंग वॉक के लिए निकला था तभी मीरा नगर रेलवे पटरी के पास प्रार्थी खड़ा था उसी दौरान आरोपी 17 वर्षीय अपचारी बालक प्रार्थी के पास आया और पुरानी रंजिश के चलते मुझे ऊंगली क्यों दिखा रहा है कहते हुए अपने पास रखे चाकू से प्रार्थी के पेट, बाएं जांघ व बाएं हाथ के पंजा में मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के बाद अपचारी बालक अपने आप को सिविल लाईन थाना में सरेण्डर किया है।

### धोखाधड़ी मामले में तीन साल से फरार युवक गिरफ्तार

रायपुर, (आरएनएस)। दूसरे की जमीन को अपना बताकर बेचने वाला आरोपी को तेलीबांधा पुलिस ने भिलाई से गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए आरोपी का नाम विकाश मोटवानी पिता पुरूषोत्तम दास मोटवानी 38 वर्ष निवासी कटोरा तालाब है। आरोपी ने सन् 2014 में कटोरातालाब गुरूद्वारा के पास स्थित दूसरे की जमीन को अपना बताकर प्रार्थिया श्रीमति कविता दुलानी 54 वर्ष निवासी गली नंबर 6 तेलीबांधा को 8 लाख 10 हजार रूपए में बेच दिया था। जब प्रार्थिया को पता चला कि उक्त जमीन किसी और का है तो उसने इसकी शिकायत तेलीबांधा थाने में की थी। मामले में पुलिस ने आरोपी की पतासाजी कर रही थी। तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला की आरोपी भिलाई में छीपकर रह रहा है। जिससे पुलिस के टीम ने आरोपी को भिलाई से गिरफ्तार कर लिया है।

### लोक सुराज अभियान में प्राप्त आवेदनों का सकारात्मक निराकरण

उत्तर बस्तर (आरएनएस)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कांकेर सु रिचा प्रकाश चौधरी ने समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों को अपने जारी निर्देश में कहा गया है कि लोक सुराज अभियान 2018 के प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों की आनलाईन एन्ट्री का कार्य किया जाकर निराकरण की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है। निराकरण की कार्यवाही को आनलाईन भी किया जा रहा है। जारी निर्देश में कहा गया है की आवेदक को निराकरण की सूचना लिखित में दि जाए एवं विवरण में सकारात्मक एवं संवेदनशील निराकरण का लेख किया जाए। अस्वीकृति की दशा में अस्वीकृति के कारणो का ब्योरा दर्ज किया जावे तथा निराकरण का संक्षिप्त विवरण ऑन लाईन की गई कार्यवाही के विवरण में दर्ज किया जावे एवं सूचना पत्र का पत्र क्रमांक व दिनांक संक्षिप्त विवरण के साथ ऑन लाईन अंकित किया जावे। प्राप्त आवेदनो का साकारात्मक निराकरण पूरी सवेदनशिलता से करते हुए आन लाईन एट्री कराये। निराकरण की सूचना पांच प्रतियों में तैयार की जाये प्रथम प्रति आवेदक को द्वितिय प्रति ग्राम पंचायत को तृतिय प्रति जनपद,नगर निकाय को चतुर्थ प्रति जिला नोडल अधिकारी को तथा पाचवी प्रति समाधान सिविर हेतु रखे। आवेदक की पावतियुक्त प्रति ग्राम पंचायत, नगर पंचायत में सुरक्षित रखी जाये।